ज्ञानवापी प्रकरण को लेकर जुमे की नमाज के दौरान अलर्ट रही पुलिस

संदेश वाहक न्यूज

श्रावस्ती। ज्ञानवापी प्रकरण में न्यायालय का फैसला आने के बाद शुक्रवार को श्रावस्ती पुलिस पूरी तरह अलर्ट रही। जुमे की नमाज के दौरान जिले के सभी मस्जिदों पर पुलिस बल तैनात कर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की गई थी। वहीं डीएम और एसपी ने भारी पुलिस फोर्स के साथ शहर में पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाते रहे।

हिन्दू मुस्लिम मिश्रित व संवेदनशील इलाकों में स्थानीय थाने के नेतृत्व में पुलिस फोर्स लगातार गश्त करती रही। दरअसल लंबे समय से चल रहे ज्ञानवापी प्रकरण में वाराणसी जिला अदालत ने हिंदू पक्ष को पूजा करने की अनुमति दे दी है। इसके बाद अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने हाईकोर्ट की शरण ली है। मामला दो वर्गों से जुड़ा होने के कारण शुक्रवार को श्रावस्ती पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा।

ईदगाह मस्जिद के बाहर अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में तैनात पुलिस बल।

जुमे की नमाज के दौरान अतिरिक्त सतर्कता बढ़ा दी गई। शहर से लेकर गांव तक एसडीएम, सीओ और थानेदार अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करते रहे।

पुलिस अधीक्षक ने व्यापारी बंधुओं/लाइसेन्स धारकों के साथ की गोष्ठी

जिला ब्यूरो हशमत हुसैन खान

श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा पुलिस लाइन परिसर में जनपद के व्यापारी बंधुओं की गोष्ठी की गई उनका परिचय प्राप्त कर कुशल क्षेम जाना तथा उनके क्षेत्र में होने वाली समस्याओं को सुना गया एवं निराकरण हेतु पूर्णतया आश्वस्त किया। इसके साथ ही पुलिस लाइन में स्थित शार्ट फायरिंग रेंज पर अवध राइफल्स शूटिंग एकेडमी लखनऊ व श्रावस्ती पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में जनपद के लाइसेंस धारकों/व्यापारी बंधुओं व पुलिस अधिकारी कर्मचारी गण को आर्म्स हैंडलिंग/सेफ यूजेस ऑफ आर्म्स एंड एम्युनिशन/पोजिशनिंग/टारगेट शूटिंग का प्रशिक्षण दिया गया तथा आत्मरक्षा के गुर सिखाये गये।

प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले व्यापारी बन्धु हरीश चन्द गुप्ता, दिनेश श्रीवास्तव, परिचय नन्दन, तेज प्रताप सिंह, रविमोहन गुप्ता , सरफराज अहमद ,दीपक रस्तोगी सहित 35 व्यापारी व पुलिस विभाग से नि0 गौरव सिंह(पीआरओ पुलिस अधीक्षक), आ0 रवि जायसवाल,आ0 रजत कुमार द्विवेदी,आ0 सत्यम अग्निहोत्री,आ0 भगत राना सहित 45 कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया (प्रशिक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव,अवध राइफल्स शूटिंग एकेडमी टीम के विक्रम राय (जनरल सेक्रेटरी), जमाल अख्तर खान (सेक्रेटरी), अमित अग्रवाल (ज्वाइंट सेक्रेटरी), हेमेन्द्र शुक्ला (गवर्निंग बाडी मेंबर), विशाल राय (ट्रेनर) ,व उ0नि0 आमीर हमजी चौधरी, प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार उपस्थित रहे।